तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 पुलिस कॉलोनी में पौधारोपण किया गया





11 छत्तीसगढ़ी गीत, नृत्य और परंपराओं की रही ...




# नगर में बच्चों ने निकाली कांवड़ यात्रा और शिवजी को किया जलअर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

सावन माह के चौथे रविवार को थानखम्हरिया नगर में बाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया।

मारवाड़ी बाल कांवड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में निकली इस यात्रा में छोटे-छोटे बच्चों ने कंधे पर कांवर उठाकर कुटी धाम से जल भरकर सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर तक पदयात्रा की। मंदिर पहुंचकर बच्चों ने भगवान शिव को जल अर्पित किया और आरती में भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों के परिजन भी मौजूद रहे। यात्रा मार्ग में /"बोल बम/" के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। आयोजन में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

पूर्व पार्षद विजय शर्मा और आशीष बंसल ने बताया कि यह यात्रा नगर व क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए निकाली गई। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा शिवभक्ति, आस्था और समर्पण का प्रतीक है। मान्यता है कि इस यात्रा से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।



### शिवभक्तों में उत्साह

**नवागढ़।** श्रावण मास के पावन अवसर पर रविवार को नगर के श्रीराम कृष्ण मंदिर से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुजन मां महामाया के दर्शन के पश्चात प्राचीन मानाबंद तालाब से पवित्र जल भरकर बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहाँ भगवान शिव को जल अर्पित किया गया। यात्रा का समापन पुनः श्रीराम मंदिर में हुआ। यात्रा के दौरान नगर बोल बम, हर-हर महादेव और जय शिव शंकर के नारों से गूंज उठा। झांकियों, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं ने कांवर और कलश लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर महंत सुरेन्द्र दास ने कहा कि श्रावण मास शिवभक्ति का परम अवसर होता है, और इस तरह की यात्राएं समाज में धार्मिक ऊर्जा का संचार करती हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने कहा कि नगरवासियों का उत्साह और सहभागिता देखकर गर्व होता है। यह आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। समाजसेवी मिंटू बिसेन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। यात्रा के सफल आयोजन में पं शेखर शर्मा, लक्ष्मीचंद जैन ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### करंट से किसान की मौत गांव में पसरा मातम

**बेमेतरा/थानखम्हरिया।** थाना थान खम्हरिया अंतर्गत ग्राम बनरांका में रविवार सुबह करंट लगने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। खेत में बिछाए गए बिजली के सर्विस तार में करंट दौड़ रहा था, जिससे युवक की मौके पर ही जान चली गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बनरांका निवासी परमानंद रविवार सुबह करीब 11 बजे अपने खेत का मुआयना करने गया था। खेत की मेढ़ से पंप कनेक्शन का सर्विस तार निकला हुआ था। बारिश के कारण खेत की जमीन पूरी तरह गीली थी। जैसे ही कन्हैया उस रास्ते से गुजरा, वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर खम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार किया।

### प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा में 90 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए शामिल

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर (व्यापम) द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा रविवार को जिले में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। इस परीक्षा के लिए बेमेतरा शहर में छह परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जहां कुल 2047 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1841 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 206 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार जिले में उपस्थिति का प्रतिशत 90 दर्ज किया गया। परीक्षा को नकल मुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन और समन्वय संस्था की ओर से व्यापक तैयारियां की गई थीं।

### ट्रैफिक पुलिस के विशेष दल ने की कार्रवाई

**भिलाई।** सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित शिव महापुराण कथा कार्यक्रम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस रात्रिकालीन ट्रैफिक नियंत्रण के लिए रात 9 से 12 बजे तक विशेष प्रवर्तन दल बनाया गया है। दल आयोजन के पश्चात श्रद्धालुओं की वापसी के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखन, स्थल पर रुके नागरिकों को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने का काम करेगी।

### नशे के कारोबारियों पर हुई कार्रवाई

**भिलाई।** नशे के अवैध करोबार पर पूरी तरह लगाम लगाने का प्रयास दुर्ग पुलिस कर रही है. इसी के मद्देनजर पुलिस चौकी जेवरा सिरसा पुलिस ने अभियान चलाकर ग्राम कचांदूर खेल मैदान के पास अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पकड़ा है। घेराबंदी कर स्कूटी सीजी 07 सीयू 3739 सवार राजू माण्डे को पकड़ा है।

कार्रवाई

### अपर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश, एसडीएम साजा को सौंपी जिम्मेदारी

# बिना एनओसी नाली निर्माण पर सीएमओ के खिलाफ जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

नगर पंचायत देवकर में हो रहे नाली निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही का मामला सामने आया है। करीब 39 लाख की लागत से बन रही आरसीसी नाली को लेकर नगर के जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने सीएमओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को कुछ जनप्रतिनिधि कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने साजा एसडीएम पिंकी मनहर को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

### नाली निर्माण के बीच आये 4 खंभे

गौरव पथ पर बन रही नाली के मार्ग में बिजली विभाग के खंभे पहले से लगे हुए थे। नियमानुसार, निर्माण से पूर्व विद्युत विभाग से अनुमति लेकर पोलों को हटाया जाना चाहिए था, लेकिन नगर पंचायत ने बिना एनओसी लिए निर्माण कार्य शुरू करा दिया। परिणामस्वरूप, वर्तमान में 4 खंभे नाली के बीच में हैं और भविष्य में 15 से अधिक खंभे प्रभावित हो सकते हैं। जब जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति दर्ज की, तब भी सीएमओ ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया और काम जारी रखा।



### टीम गठित की जाएगी

शुक्रवार को आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच के लिए तकनीकी टीम गठित की जाएगी। जांच उपरांत ही कुछ स्पष्ट रूप से कहा जा सकेगा।

**- पिंकी मनहर,** एसडीएम, साजा

### जांच के बाद कार्रवाई होगी

प्रदेश में विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार है। यहां अनियमितता के लिए कोई जगह नहीं है। शासन के पैसे का दुरुपयोग करने वालों को जांच के बाद सीधे जेल भेजा जाएगा।

**- नवीन ताम्रकार,** पूर्व एल्डरमैन, नगर पंचायत देवकर

### अब पार्षदों पर निधि देने का दबाव

जब विवाद बढ़ा तो आनन-फानन में विद्युत विभाग से संपर्क किया गया। विभाग ने पोल शिफ्टिंग के लिए आवेदन की प्रक्रिया बताई, जिसके अनुसार प्रति पोल करीब 20 हजार रुपये का खर्च आना है। आरोप है कि सीएमओ अब पार्षदों पर दबाव बना रहे हैं कि वे इस राशि को अपनी पार्षद निधि से वहन करें। इस पर कई पार्षदों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि निधि का उपयोग वार्डों के विकास और मूलभूत सुविधाओं के लिए होता है, न कि अधिकारियों की गलती सुधारने के लिए।

### राजनीतिक संरक्षण के लगे आरोप

भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने मामले को लेकर विधायक ईश्वर साहू से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है। वहीं, जानकार सूत्रों के अनुसार भाजपा और कांग्रेस के कुछ नेता सीएमओ के बचाव में सामने आ गए हैं, जिससे नगर में यह चर्चा तेज हो गई है कि कुछ प्रभावशाली लोग इस पूरे मामले को दबाने में लगे हैं।

# खाद की भारी किल्लत किसान खुले बाजार से महंगे दाम पर खरीदने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सावन का अंतिम सप्ताह चल रहा है, लेकिन जिले के हजारों किसान अब भी खाद की कमी से परेशान हैं। खरीफ सीजन की बुआई व रोपाई का काम जोर पर है, पर अंचल की सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति बेहद कम है। किसानों की मांग और उपलब्धता में भारी अंतर बना हुआ है, जिससे संकट और गहराता जा रहा है।

खाद की मांग को देखते हुए जिले की समितियों में पर्याप्त भंडारण नहीं हो पाया है। कई गांवों के किसान रोजाना सोसायटियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। मजबूरी में किसान खुले बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीद रहे हैं।

### लागत बढ़ी, मुनाफा घटेगा

खुले बाजार में खाद की कीमतें डेढ़ से दो गुना तक अधिक है। ऐसे में छोटे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। खेती की लागत बढ़ने से उन्हें नुकसान का डर सता रहा है।कृषि संकट गहराने के



बावजूद जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे हुए हैं। कांग्रेस ने खानापूर्ति करते हुए ज्ञापन सौंपा, जबकि भाजपा नेता जिनकी सरकार राज्य में है। किसानों की सुध लेने तक नहीं पहुंचे। किसानों का कहना है कि चुनाव के समय खेत-खलिहान की बात करने वाले नेता अब संकट के समय गायब हैं। जल्द समाधान नहीं तो होगा विरोध किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर खाद संकट का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। खेती बिना खाद के नहीं चल सकती, और खेती रुकी तो गांव का चूल्हा नहीं जलेगा, एक किसान ने रोष जताते हुए कहा।

### किसानों ने निभाई परंपरा...



**बेमेतरा।** किसान समिति बेमेतरा द्वारा लगातार पांचवें रविवार इतरवार तिहार मनाया गया। इस अवसर पर परंपरागत कृषि विधि के तहत फसलों को कीट व रोगों से बचाने के लिए मतार पानी का वितरण किसान भवन बेमेतरा में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान जुटे और अपने-अपने खेतों में इसका छिड़काव किया। समिति अध्यक्ष लक्की साहू ने बताया कि परंपरागत जैविक उपायों से फसल को सुरक्षित रखने की यह पुरानी पद्धति है, जिसे समिति पुनर्जीवित कर रही है। उन्होंने कहा कि रासायनिक दवाओं पर निर्भरता कम कर किसान स्वावलंबी बनें, यही उद्देश्य है। इस मौके पर उपाध्यक्ष धनेश वर्मा, कोषाध्यक्ष रिंकू राजपूत, सचिव ईश्वर साहू, सदस्य रमेश साहू, मंगला साहू, अशोक बसंत, प्रेम, यानेश, राजेंद्र, मेघु, मनोज, मेहतरू, रवि, धरमू वर्मा समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# मंडल कमेटी के गठन को लेकर बेरला में कांग्रेस की बैठक में संगठन पर चर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड बेरला में रविवार को मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर कांग्रेसजनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवनीश राघव और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा विशेष रूप से शामिल हुए।



बैठक को संबोधित करते हुए अवनीश राघव ने कहा कि मंडल कांग्रेस कमेटी सीधे एआईसीसी से जुड़ी होगी और समय-समय पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मार्गदर्शन प्राप्त करती रहेगी। उन्होंने कहा कि कमेटी में समर्पित व सक्रिय जमीनी कार्यकर्ताओं को ही स्थान दिया जाएगा, जो कांग्रेस की रीति-नीति को आत्मसात करते हुए निरंतर संगठन हित में कार्यरत हैं।

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मंडल कांग्रेस कमेटी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ जनता से जुड़कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल तैयार करेगी। यह कमेटी कांग्रेस की आवाज को गांव-गली तक पहुंचाने का काम करेगी।

इस मौके पर ब्लॉक प्रभारी कविता साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा सुराणा, योगिता साहू, आरती पटेल, रवि परगनिया, बिहारी कौर, भारत टीआर, जनार्दन, भरत भूषण साहू, राजेश दुबे, सुनील जैन, राजेश चंदेल, विवेक सिंह राजपूत, डॉ. जितेंद्र जीत, मोनल सिन्हा, चंद्रप्रकाश साहू, ओमप्रकाश साहू, संतोष साहू, राधेश्याम वर्मा, नवीन साहू, नवाज खान, श्रवण कुमार, रमाकांत साहू, धनराज बंजारे, समीर साहू, चेतन बंजारे, योगेंद्र सिंह, विष्णु साहू, इमरान कुरैशी, अर्पित परगनिया, मनहरण परगनिहा, रामखेलावन साहू, सुरेश गौरी, हरिशंकर, नोहर देवांगन, गन्नू राम, डीधोरण साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री निवास में उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

# भाजपा सदस्यता अभियान के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा द्वारा चलाए गए सदस्यता महाअभियान के अंतर्गत रविवार को मुख्यमंत्री निवास, नया रायपुर में उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस भव्य समारोह में एक हजार से अधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश सदस्यता प्रभारी अनुराग सिंह देव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष





सरोज पांडेय, पूर्व राज्यपाल रामेश बैस, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव और रामू रोहरा उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा को 1,010 सदस्य बनाने पर सदस्यता दीप से सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर भावुक हुए शर्मा ने कहा कि यह सम्मान मैं बेमेतरा जिले के उन समर्पित कार्यकर्ताओं को समर्पित करता हूँ जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी सदस्यता अभियान को जन आंदोलन बनाया। हमारी मेहनत से प्रदेश में 60 लाख से अधिक सदस्य बनाए गए हैं।

उन्होंने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह उपलब्धि भाजपा संगठन की जमीनी ताकत और कार्यकर्ताओं की निष्ठा का प्रमाण है। बेमेतरा जिले से सम्मान प्राप्त करने वालों में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल,पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, विधायक ईश्वर साहू, विधायक दीपेश साहू, ज़िला अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संध्या परगनिहा और मंडल महामंत्री भीमौरी पोषण वर्मा शामिल रहे।



### उत्कृष्ट सदस्यता के लिए लाभचंद बाफना को मिला गौरवपूर्ण सम्मान

**बेमेतरा।** नवा रायपुर अटल नगर स्थित मुख्यमंत्री निवास में उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह 2024-25 का आयोजन शनिवार को भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर लाभचंद बाफना को सदस्यता श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष श्री डॉ. रमन सिंह, भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा विजय शर्मा मंचासीन रहे। समारोह में प्रदेशभर से चयनित उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कॉलेज के स्थानांतरण से घटी छात्रों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

- इस वर्ष बीए में 24, बीएससी में 17 और बीकॉम में 8 छात्रों ने ही दाखिला लिया

यहां के शासकीय कॉलेज को कुरा ग्राम स्थानांतरित किए जाने के खिलाफ चल रहे आंदोलन का सीधा असर अब देखने को मिल रहा है। वर्ष 2025–26 में कॉलेज में नामांकन घटकर महज 49 रह गया है, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 107 थी।

बीए में इस वर्ष सिर्फ 24, बीएससी में 17 और बीकॉम में 8 छात्रों ने ही दाखिला लिया है। नामांकन में आई 54 प्रतिशत की गिरावट से पालकों और विद्यार्थियों में गहराता असमंजस स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में जनता की मांग पर नांदघाट में कॉलेज की स्थापना की गई थी और यह लगातार प्रगति पर था। लेकिन सरकार बदलने के बाद बिना जनसंवाद के इसे कुरा स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया, जिसका व्यापक विरोध हुआ। छात्रों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक ने आंदोलन खड़ा कर विरोध जताया। इस असमंजस के बीच कई पालकों ने बच्चों को अन्य कॉलेजों में दाखिला दिला दिया है।

जिपं सदस्य सुशीला जोशी ने कहा कि छात्रों ने शुरू से कुरा में भवन निर्माण का विरोध किया था, फिर भी भूमिपूजन कर दिया गया। अब नामांकन गिरने की जिम्मेदारी किसी को तो लेनी चाहिए। निर्णय से पहले जनता की बात सुनी जाती तो आज यह स्थिति नहीं आती।

# किसी ने बेच दी सब्जी मंडी की आबंटित दुकानें तो कोई कब्जा कर चला रहा व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर निगम भिलाई के आकाशगंगा में थोक सब्जी विक्रेताओं को दुकान, चबूतरा, नीलामी की बड़ी दुकान आदि को व्यवस्थापित किया गया था। यह सब्जी मंडी पावर हाउस से आकाशगंगा में स्थापित की गई थी। जब सब्जी मंडी छोटी पड़ रही थी, तब आकाशगंगा में लगभग 30 वर्ष पूर्व बसाया गया था। आकाशगंगा के थोक सब्जी विक्रेताओं द्वारा नगर निगम भिलाई को मासिक किराया नहीं जमा किया जा रहा है। ज्यादातर दुकान आपस में खरीदी बिक्री किए हैं, कुछ दुकान ऐसी हैं जहां पर कोई दूसरा व्यक्ति व्यापार कर रहा है। जबकि उसकी दुकान पर कोई और व्यक्ति व्यापार कर रहा है। सभी लोग एक दूसरे के स्थान पर बैठकर व्यापार कर रहे हैं।

## आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी में दुकानों का निगम ने शुरू किया सत्यापन

### दुकानों पर बढ़ा लिए शेड

अधिकांश व्यापारियों द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार अपने शेड को बढ़ा लिया गया है। चबूतरे को घेर लिया गया है, जिसके कारण ट्रकों के आने जाने माल उतारने में एवं खरीदी बिक्री करने में परेशानी हो रही है। व्यापारी एक दूसरे की शिकायत भी कर रहे हैं। सभी का सत्यापन करने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर संयुक्त टीम का गठन किया गया है। जिसमें राजस्व अधिकारी, भवन अधिकारी, जोन सहायक राजस्व अधिकारी के साथ कर्मचारियों का दल लगाया गया है।



### महज 60 रुपए का किराया तक नहीं दे पा रहे हैं व्यापारी

आपसी सहमति के अनुसार चबूतरे का किराया मात्र 60 रुपए एवं विक्रेता नीलामी दुकान का किराया 250 रुपए महीना के लगभग है। व्यापारी वहां से लाखों का व्यापार कर रहे हैं। फिर भी अपना निर्धारित शुल्क जमा नहीं कर रहे हैं। नगर निगम वहां पूरी सुविधा प्रदान कर रहा है, रोज हजारों की भीड़ होती है। दूर-दूर से ट्रकों में माल आता है, वहीं से छोटे व्यापारी खरीद करके ले जाते हैं। शादी, जन्मोत्सव एवं अन्य अवसर पर आम आदमी भी वहां से सब्जी खरीदी करते हैं। सभी का सत्यापन करने के बाद उन्हें स्थापित किया जाएगा।

### दस्तावेजों का सत्यापन के लिए बनी समिति, निगम करेगा जांच

थोक सब्जी मंडी में जाकर बकायादारों को पैसा जमा करने के लिए नोटिस किया गया। इसके साथ ही अन्य दुकानों का सर्वे का काम शुरू हो गया है। थोक सब्जी मंडी समिति के अध्यक्ष एवम वहां के व्यापारियों के मांग पर बुधवार के दिन 10 बजे सभी व्यापारी अपने-अपने दुकान का जो भी दस्तावेज है उसको लेकर आएंगे। नगर निगम की टीम जाकर उसकी जांच करेंगे कि इस दुकान पर कौन सा व्यापारी सामान बेच रहा है। इसका पूरा सत्यापन किया जाएगा जो लोग पैसा नहीं जमा किए हैं उनके ऊपर कारवाई की जाएगी। सर्वे के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, प्रसन्न तिवारी, राजस्व विभाग से उन्मेष साहू, भवन अनुज्ञा शाखा से सिद्धार्थ साहू, इनाम सिंह कन्नौज, शशांक सिंह, नंदू सिन्हा, विवेक साहू, श्रीकांत यादव आदि अधिकारी कर्मचारी द्वारा सत्यापन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### विधायक रिकेश को मिला सदस्यता भूषण सम्मान

**भिलाई।** नवा रायपुर अटल नगर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भारतीय जनता पार्टी का उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सदस्यता भूषण सम्मान से छत्तीसगढ़ के वैशाली नगर विधानसभा विधायक रिकेश सेन सम्मानित हुए। वर्ष 2024-25 में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत 34 हजार से अधिक नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित संगठन के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सदस्य भूषण सम्मान ने सम्मानित किया गया। श्री सेन ने कहा कि सभी ने राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद और सुशासन के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपना सहयोग एवं समर्थन प्रदान कर सदस्यता ग्रहण की। यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि आप सभी कार्यकर्ता भाई-बहनों और वैशाली नगर विधानसभा की जनता का सम्मान है, जिन्होंने इस लक्ष्य पूर्ति में अपना सहयोग मुझे दिया।

### संगीतमय सफर आज मरोदा सेक्टर में

**भिलाई।** ईमर्जिंग सिंगर्स ग्रुप भिलाई द्वारा संगीतमय सफर का आयोजन रविवार शाम 5 बजे आत्मानंद गार्डन मरोदा सेक्टर में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल होंगे। सरंक्षक व नगर पालिक निगम के सभापति केशव बंछोर ने बताया कि सुरमय संगीत कार्यक्रम ग्रुप के प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित है।

### मवेशी तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** मवेशी तस्करी मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम नगपुरा स्थित जंगल हाउस रिसॉर्ट से मवेशी की तस्करी करते 9 मवेशियों को बचाया गया। विश्व हिंदू परिषद और पुलिस ने जंगल हाउस रिसोर्ट में पर दबिश दिया। जहां पर 6 तस्कर भी पुलिस गिरफ्त में आए। इसके अलावा बुरी स्थिति में कई मवेशियों को बांधकर रखा गया था। घटना नगपुरा पुलिस चौकी का है।

## संकट : यूनिवर्सिटी ने सीटें भरने के लिए चौथी बार खोला अपना प्रवेश पोर्टल

# जिले के 158 कॉलेजों में 77 हजार फॉर्म केवल 9 हजार विद्यार्थियों को एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

**8 अगस्त तक विद्यार्थी नए सिरे से कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन**

हेमचंद यूनिवर्सिटी ने दाखिले के लिए चौथी बार अपना प्रवेश पोर्टल खोला है। अभी यूनिवर्सिटी से संबंध जिले के 158 शासकीय और अशासकीय कॉलेजों में 56 हजार सीटों में प्रवेश होना बाकी है। अभी तक केवल 9 हजार स्टूडेंट्स ही दाखिला ले पाए हैं। यानी कॉलेजों में अभी भी 47 हजार सीटों में प्रवेश प्रक्रिया की पूरी होना बाकी है।

विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक यूनिवर्सिटी सहित सभी कॉलेजों में प्रवेश के लिए कुल 77 हजार विद्यार्थियों ने ऑनलाइन अवेदन किया था। लेकिन सीट पूरी फुल ना हो पाने के चलते अभी भी एडमिशन की प्रक्रिया जारी है। आपको बता दें कि कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया डेढ़ महीने से शुरू है उसके बाद भी प्रवेशित विद्यार्थियों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।



### संकायवार सीटों की स्थिति

| | |
|---|---|
| बीए- | 18215 |
| बीकाम- | 14279 |
| साइंस- | 20965 |
| होम साइंस- | 270 |
| बिजनेस एडमिस्ट्रेशन- | 1280 |
| बेचलर ऑफ लॉ- | 440 |
| लाइबेरी ऑफ इंफारमेशन साइंस- | 230 |
| फिजिकल एजुकेशन - | 300 |
| एलएलएम- | 40 |
| कुल सीट- | 56019 |

### अतिरिक्त विषय का विद्यार्थियों ने नहीं किया चयन

उच्च शिक्षा विभाग ने पिछले साल से ही सभी कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी है। जिसकी वजह से प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को मुख्य सब्जेक्ट के साथ एक अतिरिक्त विषय भी चयन करना है। ये अतिरिक्त विषय व्यवसायिक हैं। जिन विद्यार्थियों ने आवेदन भरे हैं उनमें से 47 हजार विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होने अतिरिक्त विषय का चयन ही नहीं किया। इसलिए यूनिवर्सिटी के पोर्टल में महाविद्यालयों द्वारा प्रवेशित बच्चों का डेटा ही नहीं भेजा गया है।

### एक जुलाई से शुरू होनी थी कक्षाएं

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के हिसाब से एक जुलाई से सभी कॉलेजों में अध्यापन शुरू करना है। इस हिसाब से एडमिशन की प्रक्रिया कॉलेजों को अपने- अपने हिसाब से पूर्ण करना है। मेरिट सूची भी इसी हिसाब से जारी करना था। यूनिवर्सिटी ने मेरिट सूची जारी करने के निर्देश प्राचार्यों को दिए गए हैं, लेकिन विद्यार्थियों का डेटा ही पूरा नहीं कर पाए हैं। जिसकी वजह एक जुलाई से कक्षाएं शुरू भी नहीं की जा सकी हैं।

### मुख्य कॉलेजों में तीसरी सूची जारी

साइंस कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, वैशाली नगर कॉलेज में प्रवेश के लिए तीसरी सूची जारी की जा चुकी है। अभी खुर्सीपार कॉलेज, भिलाई-3 कॉलेज, जामगांव-आर, कुम्हारी, उतई, पाटन आदि स्थानों के शासकीय महाविद्यालयों में स्नातक स्तर की तीसरी सूची जारी करने के बाद भी ज्यादा विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया है। हेमचंद विवि की पोर्टल के अनुसार बीए में अभी तक कुल सीटों की तुलना में 33 फीसदी, कॉमर्स में 31.22 फीसदी, बीएससी जीव विज्ञान में 32.24 फीसदी और बीएससी गणित में 15 फीसदी छात्रों ने ही प्रवेश लिया है।

### 8 अगस्त तक खुला रहेगा पोर्टल

हेमचंद यूनिवर्सिटी ने प्रवेश पोर्टल 8 अगस्त तक के लिए खोल दिया है। स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एम फिल कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 9 अगस्त से महाविद्यालयों में दस्तावेजों के आधार पर प्रवेश शुरू हो जाएगा। 14 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी है।

### इंजीनियरिंग, कृषि, डेयरी में प्रवेश की प्रक्रिया जारी

इन दिनों राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों, पॉलीटेक्निक कॉलेजों, कृषि विद्यालयों, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालयों समेत अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। आने वाले दिनों में मेडिकल कॉलेजों में भी प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। इसे देखते हुए विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। जानकारों का कहना है कि काउंसिलिंग के बाद बचने वाले विद्यार्थी भी अकादमिक विषयों में रुचि दिखाते हैं। इसकी वजह से महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या बढ़ेगी।

### अतिरिक्त विषय चयन में देरी

कॉलेजों में प्रवेश की तीसरी मेरिट सूची जारी हो गई है। प्रवेशित विद्यार्थियों को अतिरिक्त विषय लेने के लिए चयन का अवसर मिला है। विषय चयन नहीं होने की वजह से यूनिवर्सिटी के पोर्टल में कॉलेजों ने प्रवेश का डेटा अपलोड नहीं किए हैं। सीटों को भरने प्रवेश के लिए फिर से पोर्टल खोल दिया है। 8 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
**-राजमणि पटेल,** परीक्षा नियंत्रक हेमचंद यूनिवर्सिटी

# किसान को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- जामुल थाना क्षेत्र की घटना
- डेढ़ साल बाद फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद जुर्म दर्ज
- एक गिरफ्तार

ग्राम ढौर सतनामी पारा निवासी किसान जुगल किशोर बंजारे के आत्महत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपी प्रदीप यादव को गिरफ्तार तो किया, लेकिन अभी भी मामले का मुख्य आरोपी और उसके एक साथी फरार हैं। उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीम बनाकर खोजबीन कर रही है।

जानकारी के मुताबिक चंद्र नगर सड़क 6बी कोहका निवासी राहुल सिन्हा जो पूर्व पटवारी प्रभुनाथ का रिश्तेदार है और कोहका कुरुद शांति भवन निवासी इंद्रजीत यादव की पुलिस तलाश कर रही है। इंद्रजीत का ससुर रायपुर में पुलिस विभाग में पदस्थ है।

मुख्य आरोपी राहुल सिन्हा ने अपने साथी प्रदीप यादव और इंद्रजीत यादव के साथ मिलकर किसान जुगल किशोर बंजारे की जमीन को धमकी, मारपीट के जरिए दबाव डालकर हड़प लिया था। इससे परेशान होकर जुगल ने डेढ़ साल पहले अपने घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। उसके पास से पुलिस को एक सुसायडल नोट मिला था। उस नोट में उसने राहुल सिन्हा, प्रदीप यादव और इंद्रजीत यादव का नाम लिखा था। तत्कालीन टीआई केशव राम कोशले ने सुसायडल नोट को सीधे जांच के लिए फोरेंसिक एक्टसपर्ट को भेज दिया।

इसके चलते जांच लंबित हो गई और करीब डेढ़ साल तक जांच रिपोर्ट ना आने से आरोपी खुलेआम शहर में घूमते रहे और मृतक के परिजन न्याय की गुहार लगाते रहे। इस बीच निरीक्षक केशव का तबादला जामुल थाने से हो गया। लेकिन उसने आरोपियों को इसलिए नहीं गिरफ्तार किया, क्योंकि सुसायडल नोट की जांच रिपोर्ट नहीं आई थी। जमीन कारोबारी राहुल सिन्हा इस दौरान जमीन का अवैध कारोबार करता रहा है और कोहका से बोगदा पुलिया जाने वाली रोड में आलीशान ऑफिस के साथ कई करोड़ की संपत्ति बना डाली।

जब एसएसपी विजय अग्रवाल ने मामले की जांच तेजी से करवाई और फोरेंसिक रिपोर्ट आई तो पुलिस ने धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर प्रदीप यादव को तो गिरफ्तार कर लिया, लेकिन मुख्य आरोपी राहुल सिन्हा और इंद्रजीत फरार हो गए।





### कई किसानो से धोखाधड़ी करने का आरोप

पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आ रहा है कि राहुल सिन्हा, इंद्रजीत और प्रदीप यादव ने मिलकर अब तक कई किसानों की जमीन को फर्जी तरीके से अपने कब्जे में लिया और उसे बेचकर करोड़ो की कमाई की है। जिस तरह जुगल किशोर बंजारे के साथ किया ठीक उसी तरह कई किसानों से किया गया होगा। इन जमीन कारोबारियों की डर के कारण किसान सामने नहीं आ रहे हैं, लेकिन एसएसपी का कहना है कि यदि कोई ऐसा पीड़ित है तो वो जामुल थाना प्रभारी या उनसे सीधे मिले। पुलिस उन्हें न्याय दिलाएगी।

# फाइनेंशियल मैनेजमेंट को लेकर पुलिस कर्मियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



आईजी राम गोपाल गर्ग के निर्देशन व एसएसपी विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में सीए बिल्डिंग सिविक सेंटर में फाइनेंसियल मैनेजमेंट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रथम वाहिनी, आठवीं वाहिनी, बारहवीं वाहिनी, तेरहवीं वाहिनी के 200 से अधिक अधिकारियों, जवानों ने हिस्सा लिया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से आए विशेषज्ञों द्वारा जवानों को इन्वेस्टमेंट अवेयरनेस, साइबर फ्रॉड से सुरक्षा, फाइनेंशियल लिटरेसी, कैपिटल मार्केट, मनी मैनेजमेंट को लेकर जानकारी दी गई। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि बचत की आदत हमारे भविष्य को सुरक्षित बनाती है। सैलरी स्लिप की सही फाइलिंग और साइबर फ्रॉड से सतर्क रहना आज की आवश्यकता है। विशेषकर गेमिंग एप्स जैसे झांसे से बचते हुए हमें स्वयं के साथ अपने परिवार को भी जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में पहुंचे जावेद हुसैन ने टेक्नोलॉजी के माध्यम से फाइनेंशियल लिटरेसी बढ़ाने के उपाय बताया है। शिवम भट्ट ने मंथली इनकम, खर्च प्रबंधन, इमरजेंसी फंड की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा की फाइनेंशियल मैनेजमेंट की मूल भावना हमारे घर की गृहिणियों में सहज रूप से मौजूद होती है। कार्यक्रम में एएसपी अभिषेक झा, डीएसपी लाइन चंद्र प्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक दुर्ग नीलकंठ वर्मा समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# लीज नवीनीकरण संशोधन प्रस्ताव एक पक्षीय न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

लीज नवीनीकरण प्रकरण पर भिलाई इस्पात संयंत्र ने भारतीय इस्पात प्राधिकरण को लीज नवीकरण विषय पर संशोधन के प्रस्ताव भेजा है संशोधन क्या होगा इस विषय पर प्रबंधन को प्रभावित उपभोक्ताओं को बताना होगा किसी भी तरह का एक पक्षीय बदलाव ,जिसमें लीज प्रीमियम राशि की मांग का कोई प्रस्ताव हो स्वीकार योग्य नहीं होगा । भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने भिलाई प्रबंधन को आगाह किया है की जिस प्रीमियम राशि का भुगतान प्रभावित जब पक्षों ने भूमि के आवंटन के समय कर दिया है वह लीज प्रीमियम की राशि सेल बोर्ड को हर हाल में वापस लेना होगा और किसी भी तरह का निर्णय लेने के पहले सांसद विजय बघेल को विश्वास में लेना होगा ।

### पुनर्विचार तभी जब 2008 के निर्णय खारिज हो

जैन ने सांसद बघेल से अपील की है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के,नव नियुक्त डायरेक्टर इंचार्ज ,चितरंजन महापात्र के साथ भिलाई स्टील सिटी चैंबर के पदाधिकारी के साथ एक बैठक आयोजित हो। जहां इस विषय पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भेजें गए प्रस्ताव की जानकारी से अवगत कराया जाए। ताकि भारतीय इस्पात प्राधिकरण की बैठक में ,लिया जाने वाला निर्णय सम्मानजनक हो ,और अब तक के किया गए प्रयासों पर कोई सम्मानजनक निर्णायक हल आ सके। जरूरी नहीं की भिलाई इस्पात संयंत्र किसी एकपक्षीय प्रस्ताव पर ,शहर का प्रभावित उपभोक्ता प्रबंधन के पक्ष को स्वीकार कर सके।

### दस साल में मात्र 37 लीज पंजीयन

चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने यह भी कहा है भारतीय इस्पात प्राधिकरण को इस बात पर भी विचार करना चाहिए की वह कौन से कारण है की पिछले 10 वर्षों में मात्र 37 दुकानदारों ने लीज पंजीयन को करवाया और उसमें से 15 दुकानदारों ने शपथ पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि प्रबंधन द्वारा बेदखल करने, विद्युत कनेक्शन काटे जाने एवं तरह-तरह से स्थल पर जाकर प्रभावित उपभोक्ताओं पर राशि भुगतान का दबाव बनाया है जो न्याय संगत भी नहीं था अब वही उपभोक्ता राशि वापसी की मांग कर रहे हैं ।

### 1500 में से केवल 250 को पत्र मिला

नगर सेवा विभाग के अधिकारियों ने लगभग 1500 प्रभावित व्यापारियों में मात्र दो से ढाई सौ प्रभावित व्यापारियों को पत्र भेजा है। 75 व्यापारियों के प्रकरण उच्च न्यायालय में और 15 व्यापारियों के प्रकरण जिला न्यायालय में विचार योग्य स्वीकार किया गए हैं और 15 व्यापारियों को उच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी कर भिलाई इस्पात संयंत्र को प्रकरण के निराकरण तक रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

## बीएसपी डायरेक्टर इंचार्ज महापात्रा ने दिया आश्वासन

# बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के नेतृत्व में एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल 1 अगस्त शुक्रवार को बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज सीआर महापात्रा से मिला। इस दौरान उन्होंने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी।

एंसिलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष दासगुप्ता ने डायरेक्टर इंचार्ज के साथ कई मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। चर्चा के दौरान दासगुप्ता ने कहा कि एंसिलरी एसोसिएशन और बीएसपी का साथ पिछले 5 दशकों का है। पूरा एसोसिएशन मैनेजमेंट के साथ है। आगे भी एसोसिएशन मैनेजमेंट के साथ समन्वय बनाकर नए आइटम डेवलप करेगा।



डायरेक्टर इंचार्ज महापात्रा ने प्रतिनिधि मंडल के एक-एक सदस्य से उनके यूनिट के बारे में जानकारी ली कि वे क्या-क्या प्रोडक्ट बनाते हैं। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि एंसिलरी यूनिट्स के लिए नए आइटम और आरक्षित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एंसिलरी यूनिट्स को वह पहले से ही अच्छी तरह जानते हैं।

आने वाले समय में एंसिलरी यूनिट्स को भरपूर काम देंगे। चर्चा के दौरान बीएसपी की ओर से ईडी एमएम अजय चक्रवर्ती, सीजीएम एके मिश्रा और केसी मिश्रा तथा एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल की ओर से उपाध्यक्ष प्रितपाल सिंह, रितेश रायका, कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, सचिव वरुण घोष, रवि मिश्रा, सदस्य हरीश मुदलियार, अवि सहगल और अमित चौधरी उपस्थित थे।

# ऑपरेशन मुस्कान से खोज निकाला पुलिस ने 181 लापता बच्चों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- जीआरपी, रेलवे पुलिस का संयुक्त अभियान

पुलिस बच्चों की सुरक्षा को लेकर लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। गुम इंसान को लेकर विशेष कर लापता बच्चों की पता तलाश के लिए ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिले है। ऑपरेशन मुस्कान की सफलता को देखते हुए शासन के मंशा अनुरुप डीजीपी द्वारा बच्चों के खोजबीन के लिए आपरेशन मुस्कान के रुप में एक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। नबालिग वर्ग के बच्चों के पता तलाश की दिशा में राज्य का व्यापक अभियान है। एसएसपी विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जुलाई 1 जुलाई से 31 जुलाई 25 तक ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया। अभियान में नोडल अधिकारी एएसपी अभिषेक झा द्वारा प्रत्येक थानों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर टीम बनाई। जिसमें डीएसपी अजय सिंह की तकनीकी सहायता से जानकारी दिया गया। लापता की पतासाजी के लिए सोशल मिडिया, संचार साधनों के बेहतर उपयोग कर खोजबीन किया। टीम ने अब तक 31 बालक, 150 बालिका को खोजबीन किया। कुल लापता 181 बच्चों को सकुशल बरामद किया है। 28 बालक एवं बालिका को विभिन्न राज्यों में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़िसा, राजस्थान, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, तेलगांना, आंध्र प्रदेश से सकुशल बरामद किया।

# विश्वास, भरोसे और भगवान महादेव की अनुपम श्रद्धा का महीना होता है सावन : पं. प्रदीप मिश्रा

- लाखों की संख्या में रोज पहुंच रहे हैं श्रद्धालु

**भिलाई।** सिविक सेंटर स्थित जयंती स्टेडियम के मैदान में आयोजित शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। कथा स्थल के पांचों प्रमुख पंडालों के बावजूद बाहर भी बैठे श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी। बोल बम सेवा समिति के संस्थापक व उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम इन लाखों भक्तों के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने में जुटी। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने उनकी भक्ति की सराहना की। शनिवार की कथा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सावन का जो पवित्र महीना होता है, वह विश्वास का, भरोसे का और भगवान महादेव की अनुपम श्रद्धा का महीना होता है। इसमें भगवान शिव को कैसे रिझाना है, मनाना है, यह मनुष्य की भक्ति पर निर्भर करता है। पूरे वर्ष में केवल सावन का महीना ही ऐसा होता है, जिसमें मनुष्य, नाग, देव, गंधर्व, छोटा से छोटा जीव, यदि भगवान के शिवालय तक भी पहुंच जाता है तो महादेव उस पर कृपा कर ही देते हैं। पं. मिश्रा ने कहा कि आप जिस भाव से शिव की आराधना कर रहे हैं, शिवजी आपकी मनोकामना एक न एक दिन पूरी जरूर करेंगे।

शिवभक्त की आंखों में कोई आंसू लाता है तो उसका जवाब शिवजी ही देते हैं। इसलिए हमेशा ध्यान रखें कि किसी पर कीचड़ उछालना तो सोझ समझकर, क्योंकि वो एक दिन स्वयं पर वापस जरूर आता है।

## खबर संक्षेप

### चना फेफडे में फंसा बच्चे की हुई मौत

**भिलाई।** मटर चना फेफडे में फंसने से मासूम बच्चें की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना ग्राम पौहा का है। मिली जानकारी के मुताबिक जामगांव आर थाना क्षेत्र के ग्राम पौहा में तीन वर्षीय वर्षीय सिद्धांत मटर खाते हुए मोबाइल पर वीडियो देख रहा था। इसी दौरान चाचा ने मोबाइल छीन लिया। मोबाइल छीनते ही बच्चा घबरा गया और मटर का दाना उसके गले में अटक गया। मटर का दाना सीधे फेफड़ों में जा फंसा। तुरंत उसे परिजनों ने घरेलु नुस्खे अपनाकर दाना निकालने की कोशिश की। । सिद्धांत को शंकराचार्य अस्पताल लेकर गए। जहां रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया।

### दो जगहों पर छापेमारी कर आठ सटोरियों को किया गिरफ्तार

भिलाई। सुपेला पुलिस ने अवैध सट्टा पट्टी लिखने और खिलाने वालों के खिलाफ छापामार कार्रवाई की है। पुलिस की टीम ने एक साथ दो अलग अलग मटन मार्केट और उड़िया मोहल्ला मस्जिद के पास छापेमारी की। यहां से 8 लोगों को सट्टा पट्टी और मोबाइल से सट्टा का दांव लगवाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 8 मोबाइल फोन, सट्टा पट्टी और 41055 रुपए नगद जप्त किया गया है। सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के 1 अगस्त को उन्हें मुखबिर सूचना मिली थी कि मटन मार्केट सुपेला और उड़िया मोहल्ला मस्जिद के पास कुछ लोग रुपये लेकर अंको के जरिए जुआ का दांव लगवा रहे हैं। कुछ लोग सट्टा पट्टी लिख रहे हैं तो कुछ मोबाईल व अन्य माध्यमों से सट्टा का दांव लगा रहे हैं। पुलिस की टीम ने एक साथ दोनों जगहों पर रेड कार्रवाई की। उड़िया मोहल्ला मस्जिद के पास से पुलिस ने लोगों से रुपये लेकर दांव लगवाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस दौरान आरोपी राकेश उर्फ कुन्तु चौहान से 12,410 रुपए, रवि दीप उर्फ तुफान से 4,525 रुपए, अशोक बघेल से 1,720 रुपए, अर्जुन सोनकर से 1,050 रुपए के साथ सभी से सभी एक एक मोबाइल फोन व सट्टा पट्टी पची सहित कुल 19,705 रुपए जप्त किया।

### बोदेला, पनियाजोब में रूद्रपूजा आज

**तुमडीबोड़।** सावन मास के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को ग्राम बोदेला में सुबह 11 बजे और पनियाजोब में अपरान्ह 3 बजे रूद्र पूजा का आयोजन रखा गया है। पूजा में आधात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित द आर्ट आफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर बैंगलोर के स्वामी विभूधानंद शामिल होकर वैदिक मंत्रों के साथ रूद्र अभिषेक करेंगे। द आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े कौशल प्रसाद वर्मा, सत्यदेव साहू ने श्रद्धालुओं से आयोजन में सम्मलित होने की अपील की है। यह जानकारी अमरनाथ साहू ने दी।

### छात्र-छात्राओं ने किया पौधरोपण

**खड़गांव।** स्थानीय न्यू ग्रीन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल की कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अपने घरों में पौधरोपण किया। संस्था के प्रबंधक चाहत तंबोली के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। इस मौके चाहत तंबोली ने पेड़ को मनुष्य जीवन के लिए आवश्यक बताते हुए सभी से अपने जीवन में कम से कम पांच पेड़ प्रत्येक वर्ष लगाने प्रेरित किया ताकि पर्यावरण शुद्ध रहे। पौधरोपण करने वाले छात्र छात्राओं में वरनिका, शिवानिया, रिया कोरेटी, अनिका, गीतांशी मिश्रा, आराध्या मिश्रा, सुष्मिता मंडावी, प्रियांशी पटेल, अंजल मंडावी, शिबानी नुरेटी आदि शामिल थे।

### कला उत्सव में आभा राजपूत प्रथम

**बांधाबाजार।** स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य साक्षरता मिशन द्वारा गत दिनों जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया। कला उत्सव के कहानी वाचन विधा में हायर सेकेंडरी स्कूल सिंघाभेड़ी की छात्रा आभा राजपूत ने शिक्षक वीरभद्र लाड़े और शिक्षिका ममता वर्मा के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## अभियान : एसएसपी बोले - वृक्ष हैं जीवन की संजीवनी

# पुलिस कॉलोनी में पौधारोपण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सावन माह के पावन अवसर पर रविवार को पुलिस कॉलोनी बेमेतरा स्थित शिवालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, एएसपी ज्योति सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, वार्ड पार्षद रीता पांडेय सहित बड़ी संख्या में पुलिस परिवारों की भागीदारी रही।

इस अवसर पर शिव और हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। तत्पश्चात कॉलोनी परिसर में फलदार, छायादार व औषधीय पौधे रोपे गए। एसएसपी श्री साहू ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण का हिस्सा नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए संजीवनी हैं। पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वातावरण को शुद्ध बनाते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक हरित उपहार हैं। उन्होंने नागरिकों से अपने परिसर और आस-पास खाली भूमि पर पौधारोपण करने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अभियान को मातृत्व सम्मान से जोड़ते हुए कहा कि हर नागरिक कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम पर जरूर लगाएं। उन्होंने हरियाली बढ़ाओ,मां का मान बढ़ाओ का संदेश भी दिया। एएसपी ज्योति सिंह ने पुलिसकर्मियों से अपने परिसर को हरा-भरा बनाने का आह्वान करते हुए इसे मानसिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संतुलन से जोड़ने की बात कही। इस अवसर पर अधिकारियों ने पुलिस परिवारों से आत्मीय भेंट की तथा बच्चों को चॉकलेट देकर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी, महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

### मां के नाम अभियान,100 पौधा का रोपण किया



**बेमेतरा/नवागढ़।** शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण और मातृ वंदना को समर्पित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेंगाभाठ में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई सरपंच चंद्रकुमारी ध्रुव ने की। इस अवसर पर पंचायत भवन, प्राथमिक शाला परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र तथा तालाब पार क्षेत्र में लगभग 100 पौधे रोपे गए। इनमें आम, नींबू, कटहल, गुलमोहर, नीम, शीशम, पीपल, बड़ आदि विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार वृक्ष शामिल हैं। कार्यक्रम में उपसरपंच घनश्याम ध्रुव, रोहित साहू, खेमलाल चंद्राकर, कुंभकरण चंद्राकर, गोपी वर्मा, दुलार साहू, मोंटू साहू, धर्मराज साहू, सुनील साहू, भूपेंद्र साहू सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पौधों की सुरक्षा और देखरेख का संकल्प लिया।

## स्कूल में पारंपरिक न्योता भोज कराया



**बेमेतरा।** संकुल केंद्र डंगनिया के अंतर्गत संचालित माध्यमिक शाला बहिंगा में शासन की पहल पर पारंपरिक न्यौता भोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन शाला की रसोइया अंकलहीन बाई निषाद द्वारा अपनी नातिन वेदांशी निषाद के जन्मदिन के अवसर पर सादर किया गया। न्यौता भोज में बच्चों को खीर, हलवा-पूरी, मिठाई, फल, चावल, दाल और सब्जी सहित पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसे गए। विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया। संकुल समन्वयक राजा सिंह वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यालय और गांव के बीच आपसी सामंजस्य, सहयोग और सद्भाव को मजबूत करते हैं। सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच साहेब दास निषाद, प्रधान पाठक नंद कुमार साहू, शिक्षक सुनील सोनी, बिंदु साहू, चंपा साहू, सभी रसोइया एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

## जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया अच्छा प्रदर्शन



**बेरला/भिंभौरी।** ग्राम हसदा में आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में गाड़ामोर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गाड़ामोर की खुशी, मनीषा निषाद, रश्मि निषाद एवं मानसी ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय देते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधान पाठक टी.के. ठाकुर, शिक्षक गंगाराम साहू, तिलक मढ़रिया, जितेंद्र नेताम, संतोषी देवी व राकेश सहित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश वर्मा, उपाध्यक्ष पुनाराम साहू व बलदाऊ प्रसाद वर्मा ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## पिता की स्मृति में बच्चों को बांटे शैक्षणिक उपहार



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा

साजा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में शनिवार को एक प्रेरणादायी आयोजन हुआ। शाला की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन एवं उनकी बहनों समता दिनेश कोठारी और आरती संचेती ने अपने पिता स्वर्गीय मोतीचंद संचेती की स्मृति में स्कूल के सभी बच्चों को कॉपी, पेन, पट्टी व पहाड़े भेंट किए।

बच्चों ने उपहार पाकर हर्ष जताया और इस आयोजन की सराहना की। स्वर्गीय मोतीचंद संचेती डौण्डी लोहारा के प्रतिष्ठित व्यापारी और समाजसेवी रहे हैं। उनकी बेटियों का कहना है कि व्यक्तिगत अवसरों को दान और सेवा के माध्यम से यादगार बनाया जा सकता है।

शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि वे अपने दिव्यांग बेटे श्रेष्ठ से प्रेरित होकर विगत 10 वर्षों से दिव्यांग जनों और आत्महत्या रोकथाम जैसे संवेदनशील विषयों पर कार्य कर रही हैं। वे हर साल अपने बच्चों का जन्मदिवस भी आंगनबाड़ी, आश्रम, अस्पताल और स्कूलों में ज़रूरतमंदों के बीच उपहार बांटकर मनाती हैं।

इस मौके पर प्राचार्य द्वारिका राम वर्मा, प्रधानपाठक किशुन राम साहू, अवधराम वर्मा, कनकलता सरसुधे, दीनदयाल वर्मा समेत समस्त छात्र उपस्थित रहे।

## अनिल को मानस पुंज कला रत्न से नवाजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सपाद लक्षेश्वरधाम, सलधा में आयोजित भव्य धार्मिक कार्यक्रम में श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया को मानस पुंज कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भद्रकाली मानस संघ, जिला बेमेतरा के तत्वावधान में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद थे। उनके साथ मंच पर साजा विधायक ईश्वर साहू, भद्रकाली मानस संघ के देवलाल सिन्हा, तथा तहसील अध्यक्षगण श्रवण कुमार साहू (साजा), बिहारी लाल यादव (बेमेतरा), उत्तम साहू (बेरला) एवं महेश कुमार साहू (नवागढ़) विशेष रूप से उपस्थित रहे। अनिल सिंघानिया को यह सम्मान सामाजिक सेवा, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं गोवंश संरक्षण-संवर्धन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। मंच से उन्हें शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दंडी स्वामी जी ने कहा कि जीवन सभी जीते हैं, लेकिन कुछ लोग अपने कर्मों से समाज में अमिट छाप छोड़ते हैं। ऐसे ही लोग सम्मान के अधिकारी होते हैं।

## राजा छाबड़ा को नांदेड़ में मिला सिरपाव सम्मान



**बेमेतरा।** सिक्ख समाज बेमेतरा के जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा को महाराष्ट्र स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा सचखंड हजूर साहिब, नांदेड़ में सिरपाव सम्मान वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान के साथ ही जिले के सिक्ख समाज में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई है। संत बाबा बलविंदर सिंह जी ने राजा छाबड़ा को समाज सेवा व समर्पण के प्रतीक स्वरूप सिरपाव भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान थापड़ा प्रसाद देकर उन्हें विशेष शुभकामनाएं भी दी गईं। गौरतलब है कि राजा छाबड़ा ने इस यात्रा के दौरान आनंदपुर साहिब से पधारे संत बाबा गुरदेव सिंह से भी भेंट की। संत बाबा ने उन्हें आशीर्वाद देकर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। राजा छाबड़ा ने तख्त श्री हजूर साहिब में माथा टेक कर 'सरबत दा भला' यानि सम्पूर्ण मानव समाज के कल्याण के लिए अरदास की। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए नहीं, पूरे बेमेतरा सिक्ख समाज के सम्मान का प्रतीक है।

## सेन्द्री में पीएचई विभाग का हैलीपैडनुमा वाटर टैंक



**बेमेतरा।** जल जीवन मिशन के तहत बेमेतरा जिले में चल रहे पेयजल योजनाओं के बीच सेन्द्री गांव में पीएचई विभाग का एक अनोखा निर्माण इन दिनों चर्चा का विषय बना है। ग्राम पंचायत सेमरिया के आश्रित ग्राम सेन्द्री में बनाए जा रहे पानी टंकी की हालत ऐसी है कि वह दूर से हैलीपैड जैसा दिखाई देता है। जानकारी के अनुसार, खण्डसरा से लगभग 4 किलोमीटर दूर इस गांव में लोगों के पेयजल आवश्यकता के लिए आरसीसी स्ट्रक्चर तो तैयार कर दिया गया है, जिसमें सीढ़ी, कॉलम और बीम शामिल हैं, लेकिन सबसे जरूरी हिस्सा, यानी स्टोरेज टैंक ही अब तक नहीं लगाया गया है। नतीजा यह है कि ग्रामीण इसे हैलीपैड या सेल्फी प्वाइंट कहने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों खर्च कर जो ढांचा खड़ा किया गया है, वह अभी तक अधूरा है और पानी भी नहीं मिल रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण स्थल पर सूचना पट्टिका लगाई जाए, ताकि स्पष्ट हो कि निर्माण किस उद्देश्य से हो रहा है। इधर पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि सेन्द्री सहित अन्य गांवों में जिंक-एल्युमिनियम युक्त टैंक लगाए जाने हैं, जिनके लिए आरसीसी स्ट्रक्चर पहले से तैयार किया गया है। संबंधित कार्य शीघ्र ही पूर्ण किए जाएंगे। फिलहाल, अधूरे निर्माण ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना को ग्रामीणों के बीच मज़ाक बना दिया है।

## रामकुमार को सम्मानपूर्वक दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



संकुल केंद्र कुसमी में बुधवार को एक भावभीन विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकुल से सेवानिवृत्त प्रधान पाठक डी.डी. मानिकपुरी, कांति देवांगन तथा युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरित हुए प्रधान पाठक रामकुमार डड़सेना को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य एस.एस. ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण, रसोईया, सफाई कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। सभी ने स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर शिक्षकों को सम्मानित किया।

तीनों प्रधान पाठकों ने अपने शैक्षणिक जीवन के अनुभव साझा किए और शासकीय सेवा के दौरान मिले सहयोग के लिए संस्था परिवार के प्रति आभार प्रकट किया।

विकासखंड शिक्षा कार्यालय की ओर से सहायक खंड शिक्षा अधिकारी श्री उइके ने समारोह में शिरकत कर सभी सेवा निवृत्त शिक्षकों को स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं।

संकुल प्राचार्य श्री ठाकुर ने तीनों शिक्षकों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने संकुल की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दीं। समारोह का सफल संचालन एवं समापन पर आभार प्रदर्शन विद्यालय प्रभारी एवं संकुल समन्वयक सी.एल. साहू द्वारा किया गया।

## मां की तबियत हुई खराब, विटनेस नहीं मिलने पर बेटे का रियात से भारत आना हुआ मुश्किल

**भिलाई।** भारत से सउदी काम करने गए युवक को वहां से वापस नहीं आने दिया जा रहा है। युवक की मां की तबीयत खराब है। वो मां को देखने के लिए भारत आना चाहता है, लेकिन एजेंट के माध्यम से गए युवक को वहां काम करते मात्र तीन महीने ही हुए हैं, इसलिए उसे वहां से भारत नहीं आने दिया जा रहा है। परिजनों ने युवक को भारत लाने के लिए प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक बालाजी नगर वार्ड 45 सड़क 52 खुर्सीपार निवासी मुगी नंदेश तीन महीने पहले अरेबियन फॉल कंपनी में काम करने गया था। मां की तबीयत खराब होने से वो भारत आना चाहता है, लेकिन कंपनी उससे साउदी अरब में दो गवाह मांग रही है। जबकि काम करने जाते समय इस तरह की कोई शर्त कंपनी ने नहीं रखी थी। मुंगी नंदेश की मां मुगी ईश्वरम्मा की तबियत काफी खराब होने के कारण नंदेश ने वहां से भारत आने के लिए आवेदन दिया तो रियात की कंपनी ने मुगी से दो विटनेस लाकर देने की शर्त रख दी। मुगी की पत्नी राज लक्ष्मी का कहना है कि सास की तबियत बहुत ज्यादा खराब है, वो अपने बेटे को देखना चाहती है, लेकिन अरेबियन फॉल कंपनी उसके पति को भारत आने नहीं दे रही है। बेटो को नहीं आने देने की बात सुनकर मां की तबीयत और खराब हो गई है।

## जिला अस्पताल में शनिवार से फिर शुरू हुई जांच

# सोनोग्राफी के लिए श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल से डॉक्टर अनुबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जांच बंद होने के बाद फिर से उसे शुरू करने के लिए जिला प्रशासन ने जिला खनिज न्यास मद से रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्त करने का निर्णय लिया है। फिलहाल यह जांच शुरू करने के लिए श्रीशंकराचार्य हॉस्पिटल से एक डॉक्टर को हायर किया गया है।

जिस महिला डॉक्टर को बुलाया गया है उनका नाम डॉ. प्रीति जरदार है। वो जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जांच करेंगी। अभी डॉ. प्रीति को एक महीने के लिए बुलाया गया है। इसके लिए बांड भी भरवाया गया है। उन्होंने ड्यूटी ज्वाइन कर ली है और सोनोग्राफी का प्रशिक्षण भी कर लिया है। बांड समाप्त होने के पहले ही जिला खनिज न्यास मद से एक रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति करने के निर्देश कलेक्टर के द्वारा दिए गए हैं।



फिक्र बढ़ी : हर महीने होती है 2400 सोनोग्राफी और 600 सीटी स्कैन

जिला अस्पताल में सोनोग्राफी और सीटी स्कैन बंद रेडियोलॉजिस्ट के सेवानिवृत्त होने के बाद बने हालात

### 21 दिन बाद के डेट पर सोनोग्राफी जांच

जिला अस्पताल में सोनोग्राफी की जांच शनिवार से शुरू हो गई है, लेकिन जांच का दबाव इतना अधिक है कि मरीजों को 21 दिन बाद की डेट दी जा रही है। यानी 21 दिन तक लंबे इंतजार के बाद उनकी सोनोग्राफी हो पाएगी। इमरजेंसी प्रकरणों की सोनोग्राफी ही तत्काल में की जाएगी। इसके लिए डॉक्टर लिखकर देगा तभी तत्काल की स्थिति में जांच की जाएगी। यदि किसी गर्भवती महिला को सीजर से डिलीवरी की स्थिति बनती है या फिर गर्भस्थ शिशु के गले में नाल लिपट गया तो डॉक्टर यह स्थिति को लिखकर देगा उसके बाद तत्काल जांच की जाएगी।

### पेट संबंधी व दुर्घटनाग्रस्त मामले की स्थिति स्पष्ट नहीं

सोनोग्राफी जांच के लिए पेट की समस्या और एक्सीडेंट वाले मरीज आते हैं तो उन्हें भी जांच के लिए वेटिंग में भेजा जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त होकर आएंगे तो भी उनकी सोनोग्राफी की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसलिए कि श्रीशंकराचार्य हॉस्पिटल की डॉ. प्रीति ओपीडी समय में ही सोनोग्राफी कर रही हैं। सीटी स्कैन को लेकर भी मरीज असमंजस की स्थिति में हैं। मरीजों ने बताया कि सीटी के लिए गए थे लेकिन स्टॉफ ने यह कह दिया कि रिपोर्ट के लिए डॉक्टर अभी नहीं है।

हमने कलेक्टर को पत्र लिखा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या फिर खनिज न्यास मद से रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति होना जरूरी है। वर्तमान में श्रीशंकराचार्य हॉस्पिटल से बांडेड डॉक्टर से सोनोग्राफी करवा रहे हैं। जल्द ही यह समस्या दूर कर ली जाएगी।
- डॉ. एके मिंज, सिविल सर्जन जिला अस्पताल

